भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

12.08.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 4137 का उत्तर

जोरहाट टाउन से रेलवे माल गोदाम का स्थानांतरण

4137. श्री कामाख्या प्रसाद तासा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि जोरहाट शहर के मध्य स्थित रेलवे माल गोदाम में प्रतिदिन न्यूनतम 500 ट्रकों द्वारा माल की लदाई एवं उतराई की जाती है, जिसके परिणामस्वरूप यातायात में भारी व्यवधान होता है और क्षेत्र के यात्रियों को अत्यधिक असुविधा होती है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं/किए जा रहे हैं;

(ग) क्या सरकार को इस बात की भी जानकारी है कि उक्त गोदाम के जोरहाट टाउन में स्थित होने के कारण जोरहाट इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र और सरकारी कर्मचारी अपने गंतव्य पर समय पर पहुंचने में असमर्थ हैं, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार की निकट भविष्य में उक्त गोदाम को जोरहाट टाउन से किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की कोई योजना है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): रेलवे ने पहले ही जोरहाट टाउन गुड्स यार्ड (जेटीटीएन) में संकुलन को दूर करने के लिए उपाय शुरू कर दिए हैं। 2022 में सिनामारा स्टेशन के निकट भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की एक अलग साइडिंग शुरू की गई है और भारतीय खाद्य निगम रेकों जिनकी पहले

जोरहाट टाउन गुड्स यार्ड में सम्हलाई की जाती थी, अब उनकी सम्हलाई सिनामारा से की जा रही है।

इसके अलावा, लदान/उतराई सुविधा प्रदान करने के लिए टीटाबार स्टेशन (जो जोरहाट से लगभग 22 किलोमीटर दूर है) पर एक माल साइडिंग के विकास कार्य को ₹15.16 करोड़ की लागत से स्वीकृत किया गया है। पूरा होने पर, इस सुविधा से जेटीटीएन जाने वाले माल यातायात की सम्हलाई टीटाबार में हो सकेगी, जिससे जोरहाट टाउन गुड्स यार्ड का संकुलन कम होगा और परिचालन दक्षता में सुधार होगा।

******